# लूटा गया पुलिस महानिरीक्षक का मोबाइल बरामद

## पुलिस की संदिग्धों से सख्ती से पूछताछ जारी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 24 सितबंर. राजधानी में आईजी इंटेलिजेंस डॉ. आशीष का लूट गया मोबाइल बुधवार को पुलिस ने बरामद कर लिया है. अधिकारी का मोबाइल लूटने वाले संदिग्धों से पुलिस की पूछताछ भी जारी है. इन संदिग्धों को फिलहाल आरोपी नहीं बनाया गया है.**

शहर के चार इमली में मंगलवार को लुटेरे आईपीएस का मोबाइल छीनकर फरार हो गए थे. लुटेरों ने हिम्मत दिखाते हुए इस घटना को अंजाम दिया था, उन्हें जल्द ही अपनी बड़ी गलती का अहसास हो गया था. यही कारण है कि आरोपी मोबाइल को सड़क के किनारे ही फेंक आगे बढ़ गए. मामले की जानकारी सामने आने पर क्राइम ब्रांच और पांच थानों की पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी. पुलिस ने रात में ही रास्ते में लगे सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले. इस दौरान संदिग्ध आरोपियों की धरपकड़ भी की गई, जिस स्थान पर अधिकारी का मोबाइल फोन फेंका गया था, उसकी भी जानकारी पुलिस को जल्द ही मिल गई. इस मामले में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है. बता दें कि शहर के सबसे पाश इलाके चार इमली में प्रदेश सरकार कई मंत्रियों और बड़े अधिकारियों का सरकारी निवास है. इसके बावजूद भी अज्ञात लुटेरों ने दुस्साहस दिखाते हुए अधिकारी का फोन लूटा. आईजी डॉ. आशीष अपनी पत्नी के साथ जब घूमने निकले थे. इसी दौरान तीन बाइक सवार लुटेरों ने हाई सिक्योरिटी जोन चार इमली इलाके में वारदात को अंजाम दिया. लुटेरे उनका मोबाइल छींनकर भागने में भी सफल रहे. कोलार गेस्ट हाउस तिराहे से जाते हुए लुटेरों ने चुना भट्टी क्षेत्र में मोबाइल को बंद किया था. अब इस तरह की घटना सामने आने के बाद चार इमली में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत किया जाएगा.

### कारखाने से 35 लाख का सामान चोरी

**भोपाल.** रातीबड़ पुलिस ने एक सरकारी ठेकेदार के कारखाने में हुई चोरी का प्रकरण दर्ज किया है. आरोप है कि बदमाशों ने कारखान से 35 लाख रुपए का सामान चोरी किया है. फरियादी ने मामले की शिकायत पुलिस में की है. फरियादी भरत कुमार ने थाने में सूचना दी. पुलिस को बताया कि कारखाने के मालिक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह सरकारी विभागों के कामों में ठेका लेते हैं. ज्ञानेंद्र रेलवे, सड़क सहित विभागों के कामों को पूरा कराते हैं, उनकी रातीबड़ में सेंट्रल नाम से वर्कशॉप है. भरत कुमार इस कारखाने में बतौर मैनेजर के तौर पर अपना काम करते हैं.

# मछली परिवार का एक करीबी गिरफ्तार

## कार्रवाई : वसूली और फायरिंग के आरोप में पकड़ा

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 24 सितबंर. शहर में कोतवाली थाना पुलिस ने बुधवार को आरोपी यासीन मछली परिवार के एक और करीबी आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी फैजान अली उर्फ मछली की गिरफ्तारी रूपए की वसूली करते हुए फायरिंग करने के मामले में की गई है.**

फरियादी की शिकायत के बाद पुलिस ने फैजान पर एक्शन लिया है. पुलिस जानकारी के अनुसार फरियादी दानिश बेग उम्र 30 साल से देर रात को घर के बाहर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खड़े थे. इसी दौरान फैजान अपने 2 साथियों के साथ दानिश के पास पहुंचा. फरियादी से लेन-देन के रूपयों को लेकर फैजान और उसके साथियों ने झूमाझटकी शुरू कर दी. दानिश के परिवार को डराने के लिए इस दौरान फैजान ने हवा में फायरिंग करनी भी शुरू कर दी, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया. मामले की शिकायत के बाद आरोपी फैजान को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी से पुलिस की पूछताछ जारी है.

फरियादी दानिश बेग को लेकर जानकारी पुलिस ने दी कि वह खजांची वाली गली बुधवारा में अपने परिवार के साथ रहता है.

दानिश के बड़े भाई सारिक बेग ने करीब 5 महीने पहले 1 लाख 50 हजार रुपये फैजान मछली को उधार दिए थे. इन्हीं रूपयों के लेनदेन की बात को लेकर फैजान ने पहले गाली देनी शुरू की. उसे मना किए जाने पर वह अपने से पिस्टल निकाल कर गोली चलाने लगा, जिससे वहां मौजूद लोग भी डर के कारण वहां से भागने लगे. भागदौड़ में दानिश, सारिक बेग सहित लोग चोटिल भी हुए. दानिश यह भी आरोप लगाया है कि फैजान मछली ने पैसा मांगने पर सभी का जान से मारने की धमकी भी दी है. फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है.

### एक नजर में

#### सर्पदंश से एक किसान की मौत

**भोपाल.** प्रदेश के भोपाल जिले के ईटखेड़ी थाना क्षेत्र में सर्पदंश के चलते एक किसान की मौत हो गई. पुलिस सूत्रों ने बताया कि ईटखेड़ी इलाके के चांदपुर निवासी ओम प्रकाश चौकसे मंगलवार को सुबह के समय खेत पर काम करने गए थे. तभी खेत की नाली में छिपे जहरीले सांप ने डस लिया. इसकी सूचना उन्होंने मोबाइल फोन से अपने पुत्र को दी. इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. अस्पताल में उपचार के दौरान आज सुबह उनकी मौत हो गई.

#### बिजली कनेक्शन में नाम परिवर्तन करना आसान

**भोपाल.** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल सहित 16 जिलों के विद्युत उपभोक्ताओं को कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से विद्युत कनेक्शन के नाम में परिवर्तन करने के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई है। अब उपभोक्ताओं को उनके परिसरों में पूर्व से विद्यमान कनेक्शन के नाम में परिवर्तन करना बेहद आसान हो गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि जिन उपभोक्ताओं को अपने मीटर से संबंधित नाम में परिवर्तन करना है वह कंपनी की वेबसाइट के जरिये आवेदन कर सकता है. एलटी सर्विसेस के एलटी अदर सर्विसेस में दिए गए नेम ट्रांसफर अथवा सीधे यूज़फुल लिंक्स में दिए गए अप्लाय फॉर अदर सर्विसेस के माध्यम से आसानी से नाम परिवर्तन करा सकते हैं.



### सीएम ने की केंद्रीय मंत्री से मुलाकात

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिवादन किया.

# कॉलेज में विशेष स्वास्थ्य शिविर आज

## उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल करेंगे उद्घाटन

**भोपाल, 24 सितम्बर. 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत आज सरोजनी नायडू शासकीय स्वशासी कन्या (नूतन) महाविद्यालय, शिवाजी नगर, भोपाल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा. इस शिविर का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल करेंगे.**

अभियान का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 17 सितम्बर 2025 को धार जिले के भैसोला ग्राम से किया गया था, जो 02 अक्टूबर 2025 तक जारी रहेगा. यह अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित पोषण माह की



गतिविधियों के अभिसरण और समन्वय से संचालित हो रहा है.

विशेष शिविर में छात्राओं और शिक्षकों का आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ आईडी बनाया जाएगा. साथ ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, सिकल सेल स्क्रीनिंग, पोषण एवं एनीमिया जागरूकता, क्षय रोग जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध रहेंगे.

जागरूकता गतिविधियों के तहत ''खुल के पूछो'' (विद्यार्थियों का विशेषज्ञों से संवाद), स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी, स्वास्थ्य संबंधी खेल तथा ''थोड़ी सेहत, थोड़ी मस्ती'' थीम पर जुम्बा सत्र भी आयोजित किया जाएगा. शिविर स्थल पर स्वैच्छिक रक्तदान की सुविधा भी रहेगी. इस अभियान का उद्देश्य छात्राओं और शिक्षकों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना, मिथकों का निराकरण करना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है.



# सड़कों पर गड्ढों ने बढ़ाई परेशानी

**भोपाल, 24 सितम्बर. शहर के शाहजहांनाबाद से टीला जमालपुरा की ओर जाने वाला मार्ग पर गड्ढे हो गए हैं.**

बारिश बंद होने के बाद भी यहां सड़कों का पेंचवर्क नहीं होने से राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. दिन में कई बार गड्ढों के कारण यहां दुर्घटनाएं होती रहती है.

# फ्लाई ओवर का कार्य शीघ्र पूर्ण करें : सिलावट



**भोपाल, 24 सितम्बर 2025. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को निर्देश दिए.**

इंदौर बायपास पर निर्माणाधीन अर्जुन बरोदा, झलारिया और कनाडिया (एमआर-10) फ्लाईओवर का कार्य तय समय सीमा में शीघ्र पूर्ण किया जाए. उन्होंने कहा कि साथ ही सड़क चौड़ीकरण, सर्विस रोड की मरम्मत और मार्ग पर लगी बंद लाइटों को भी चालू किया जाए, जिससे यातायात सुचारू रूप से संचालित हो और ट्रैफिक जाम की समस्या समाप्त हो. मंत्री सिलावट ने बुधवार को मंत्रालय में एनएचएआई और मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के मुख्य अभियंता सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की.

दीपावली से पहले सर्विस रोड का डामरीकरण और मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया जाएगा. वहीं आगामी 10 दिनों में पूरे मार्ग पर लाइटें भी लगा दी जाएंगी. मंत्री सिलावट ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिए एनएचएआई स्थानीय प्रशासन और पुलिस के साथ समन्वय करते हुए मार्शल्स की संख्या भी बढ़ाए. उल्लेखनीय है कि वर्तमान में झलारिया से अर्जुन बरोदा मार्ग की सर्विस रोड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसके कारण प्रतिदिन लंबे जाम की स्थिति बन रही है.

# दक्षिण एक्सप्रेस में स्वच्छता का औचक निरीक्षण

## डीआरएम ने की पेंट्रीकार में सुरक्षा उपकरणों एवं वेंडरों की जांच



**भोपाल, 24 सितम्बर. स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भोपाल मंडल में निरंतर निरीक्षण किए जा रहे हैं.**

इसी क्रम में 24 सितम्बर को मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने गाड़ी संख्या 12721 हैदराबाद-हजरत निजामुद्दीन दक्षिण एक्सप्रेस के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से भोपाल तक के सफ़र में औचक निरीक्षण किया. डीआरएम ने ट्रेन के स्लीपर कोचों में सफ़ाई की स्थिति का जायज़ा लिया तथा यात्रियों से सीधे संवाद भी किया. उन्होंने ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सेवा के स्टाफ को साफ-सफाई में और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए.

इसी दौरान पेंट्रीकार में वेंडरों के पहचान पत्र और सुरक्षा उपकरणों की जाँच की गई. डीआरएम ने अवैध वेंडिंग पर रोक के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए. यात्रा समाप्त होने पर उन्होंने भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफ़ॉर्म पर भी स्वच्छता की स्थिति का निरीक्षण किया और आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए. निरीक्षण के समय वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कोचिंग) श्री राम प्रकाश खरे सहित संबंधित पर्यवेक्षक एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे.

# प्रापर्टी डीलर से मारपीट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, 24 सितबंर. राजधानी में चलती कार में प्रापर्टी डीलर के साथ मारपीट करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया है. इस मामले में बागसेवनियां थाना पुलिस मुख्य आरोपियों की तलाश में इटारसी भी जाएगी. फिलहाल पुलिस की गिरफ्त में आए सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है.**

फरियादी प्रापर्टी डीलर प्रवीण गौर निवासी कटारा हिल्स ने थाने में दो दिन पहले शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके साथ चलती कार में कुछ लोगों द्वारा मारपीट की गई थी, उनकी पहचान के लोग उन्हें धोखे में लेकर कार के अंदर बैठाया था.

आरोपियों ने पूर्व की घटना का गुस्सा उतारते हुए प्रवीण के साथ मारपीट करते हुए उनके पास रखे रूपए भी छीन लिए थे. करोंद क्षेत्र में जिस कार के अंदर वह थे, जब वह एक आटो से टकराई थी. इस दौरान प्रवीण को भागने का मौका मिला और उन्होंने अपनी जान बचाई. मामला की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों की तलाश करते हुए उन्हें धरदबोचा है. अब आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### छात्रा की मौत के दोषियों पर नहीं हो रही है कार्रवाई

**भोपाल.** भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में कई अन्य छात्राओं की तबियत बिगड़ने की मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है. एक दिन पूर्व नर्सिंग छात्रा की मौत के बाद एनएसयूआई इस पर कार्रवाई की मांग कर रहा है. एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि 3 दिन के भीतर मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए. आश्वासन देने के बाद प्रभारी निदेशक स्वयं 3 दिन की छुट्टियों पर चली गई. इससे स्पष्ट होता है कि वे अपने कर्तव्यों को लेकर कितनी लापरवाह और गैर-जिम्मेदार हैं.

# जमीन पर कब्जे को लेकर लोगों ने रखे पक्ष

## गोविंदपुरा तहसीलदार ने पीड़ितों की व्यथा सुनी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 24 सितबंर. गोविंदपुरा तहसीलदार कार्यालय में पशुपालन विभाग की 6 एकड़ जमीन पर मिले कब्जे के मामले में 18 लोगों की बुधवार को अपना पक्ष रखा. तहसीलदार सौरभ वर्मा के सामने लोगों ने अपने प्लॉट और मकान के कागजात दिखाए.**

साथ ही स्कूल, हॉस्टल, पेट्रोल पंप संचालक सहित सभी रहवासियों ने इस मौके पर अपनी बात रखी. लोगों का कहना रहा कि हमने बिल्डर से प्लॉट लिए थे और इसके लिए इन सभी ने बैंक से लोन लेकर मकान बनवाए है. रजिस्ट्री, नजूल व नगर निगम से नामांतरण सहित सभी कागजात हैं. इसके बाद भी कब्जे हटाने के नोटिस जारी किए गए. अपना पक्ष रखने के लिए पहुंचे एक रहवासी ने अपना नाम लिए बगैर बताया कि तहसीलदार के सामने उन्होंने अपना पक्ष रखा है. प्रशासन की सभी प्रक्रिया संचालित है.

### 6 एकड़ जमीन पर कब्जे का मामला

मामले का सकारात्मक निराकरण हो सके इसकी अपेक्षा है. तहसीलदार के सामने अपना पक्ष रखने वाले लोगों को तहसीलदार सौरभ वर्मा ने नोटिस जारी किए थे. लोगों को एक-एक करके अंदर बुलाया गया, जहां लोगों ने जमीन के कागजात के साथ अपनी बातें रखी. बता दें कि शहर के अनंतपुरा कोकता क्षेत्र में पशुपालन विभाग की 6 एकड़ जमीन पर कब्जे को लेकर 36 लोगों के कब्जे की जानकारी सामने आई थी, जिस पर 18 लोगों ने कब्जे से संबंधित जानकारी पूर्व में ही शासन को दी थी. बाकी बचे 18 लोग ने बुधवार को तहसीलदार सौरभ वर्मा के सवालों का जवाब दिया. इन लोगों को बीते सोमवार के दिन बुलाया गया था.



# व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना का पर्दाफाश

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 24 सितबंर. पुलिस थाना टीला ने पान मसाला व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना का पर्दाफाश किया है. पुलिस उपायुक्त जोन-3 अभिनव चौकसे ने बताया कि घटना को अंजाम देने वाले एक नाबालिग सहित 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए है.**

आरोपियों द्वारा लूटे गए 55 हजार रू. नकदी और घटना में उपयोग की गई 80 हजार रुपए की कीमत की मोटर साइकिल बरामद की गई है. आरोपियों ने स्पोर्ट रेसिंग बाईक से घटना को अंजाम दिया था. आरोपियों के विरुद्ध भोपाल के विभिन्न थानो में कई अपराध दर्ज हैं. आरोपियो ने योजना बनाकर की पहले रैकी की। इसके बाद व्यापारी को बाइक से टक्कर मारकर गिरा था. इसके बाद आरोप बाइक लेकर फरार हो गए थे.

पुलिस जानकारी के अनुसार बीते 18 जुलाई को पान मसाला व्यापारी सचिन जैन उम्र 44 साल की निशातपुरा में दुकान बंद करके एक लाख नकदी लेकर निकले थे.


सचिन अपने घर जा रहा था जैसे ही वह मिलेट्री चेक पोस्ट के पहले अंधेरे सुनशान रास्ते पर पहुंचा, तभी पीछे से एक मोटर साइकल पर सवार दो आरोपी पीछे से आये और फरियादी की एक्टिवा गाड़ी में टक्कर मार दी. हादसे में फरियादी अपनी गाड़ी सहित गिर गया. तब आरोपियों को मौका मिला और वह घटना को अंजाम देने में सफल रहे. घटना स्थल के आस-पास आरोपियों के भागने के रुट पर स्थित सीसीटीवी कैमरों व तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर एक नाबालिग सहित घटना में शामिल 4 आरोपियों को चिह्नित किया गया. आरोपियों ने गाड़ी को हलाली डैम में फेंक दिया था, जिसे पुलिस ने निकलवाया इसके साथ उनके पास मिल रुपयों को जब्त किया गया है. आरोपियों की पहचान केशव यादव उम्र-20 साल निशातपुरा, दीपक लोधी उम्र 23 साल करोंद, राजकुमार रेड्डी उर्फ बाउंसर उम्र 21 साल रातीबड़ और एक नाबालिग के रूप में की गई है.

**मौसम** — बंगाल की खाड़ी और गंगीय पश्चिम बंगाल के आसपास एक निम्न दबाव क्षेत्र सक्रिय

# प्रदेश से दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी शुरू

**भोपाल, 24 सितम्बर. दक्षिण-पश्चिम मानसून की औपचारिक वापसी आज उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश के कुछ हिस्सों से हो गई है. मौसम विभाग के अनुसार नीमच, श्योपुर, मुरैना और भिंड जिलों से मानसून की वापसी दर्ज की गई है.**

इसके साथ ही पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के शेष हिस्सों, गुजरात और राजस्थान के कुछ इलाकों तथा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कुछ क्षेत्रों से भी मानसून पीछे हट चुका है. भारतीय



मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने बताया कि वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा 37.5ए उत्तर/73ए पूर्व से होकर गुजरते हुए रामपुर बुशहर, हरिद्वार, मुरादाबाद, इटावा, बांसवाड़ा, वल्लभ विद्यानगर, वेरावल और 20.5ए उत्तर/69ए पूर्व तक फैली है. अगले दो से तीन दिनों में गुजरात, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के शेष हिस्सों से भी मानसून के लौटने की परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं. उत्तरी ओडिशा, उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और गंगीय पश्चिम बंगाल के आसपास एक निम्न दबाव क्षेत्र सक्रिय है. इससे जुड़ा चक्रवातीय परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किलोमीटर की ऊँचाई तक प्रभावी है और यह दक्षिण-पश्चिम की ओर झुक रहा है.

मध्य महाराष्ट्र और उसके आसपास के भागों में भी ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है, जिसकी ऊँचाई समुद्र तल से 1.5 से 4.5 किलोमीटर के बीच दर्ज की गई है. मध्यप्रदेश के कई जिलों—भोपाल, विदिशा, रायसेन, सिहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां समेत सिंगरौली, रीवा, सतना, शहडोल तक—इसका असर देखने को मिल रहा है.

### अवैध शराब बेचने वाली महिला पकड़ाई

**भोपाल.** बैरागढ पुलिस ने अवैध देशी शराब बेचने वाली एक महिला आरोपी पर कार्रवाई करते हुए जब्ती की है. पुलिस को सूचना मिली थी राहुल नगर में शहनाज के मकान में मंगलवार को अवैध रुप से शराब रखी हुई है. थाना प्रभारी अशोक कुमार गौतम के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए बताए स्थान पर जाकर दबिश दी, जहां शहनाज शेख पति स्व. अनीश शेख उम्र 55 साल निवासी बैरागढ़ मिली. शहनाज शेख अपने घर में अवैध रूप से देशी मदिरा शराब प्लेन बेचने के लिए रखी थी. मिली शराब को लेकर पुलिस ने जब उससे दस्तावेज मांगे तो वह किसी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाई.